**Regarding setting up of Software Park in Samastipur**

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बिहार के युवाओं की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । यह सबको पता है कि बिहार के युवा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में अद्भुत प्रतिभा रखते हैं, लेकिन इसके बावजूद बिहार में एक भी सॉफ्टवेयर पार्क नहीं है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगी कि हमारे लोक सभा क्षेत्र समस्तीपुर में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की योजना के तहत एक इनक्यूबेशन सेंटर बनाया जाए । इससे बिहार के युवाओं की दो समस्याओं का समाधान होगा । सबसे पहले बिहार में जो ब्रेन ड्रेन हो रहा है, बिहार के जो युवा हैं, वे पढ़ाई पूरी करके बिहार से बाहर काम कर रहे हैं । इसको ब्रेन ड्रेन कहते हैं । इस समस्या का भी समाधान होगा । साथ में बिहार के युवा जो पलायन करते हैं, उसका भी समाधान होगा । बिहार के युवाओं को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के स्टार्ट-अप में बहुत मदद मिलेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद ।